Rajasthan Patrika

Chennai Date: 17.01.08 Page No:03

जन्मशती आज

चेन्नई, 16 जनवरी। प्रसाद समूह द्वारा फिल्म निर्माता एल.वी. प्रसाद की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में गुरुवार को एक समारोह आयोजित किया जाएगा जिसकी अध्यक्षता तमिलनाडु के मुख्यमंत्री करुणानिधि करेंगे। उल्लेखनीय है कि करुणानिधि ने प्रसाद की कई फिल्मों की पटकथा लिखी थी। केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री डॉ. दसरी नारायण राव समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। शारदा, मिलन, खिलौना, एक दूजे के लिए, जीने की राह, विदाई, राजा और रंक जैसी हिट फिल्में बनाने वाले एल.वी. प्रसाद ने राज कपूर, मीना कुमारी, सुनील दत्त, संजीव कुमार, कमल हसन, एनटी रामा राव, ए. नागेश्वर राव, सौकार जानकी, सरोजा देवी, जीतेंद्र, अशोक कुमार, नूतन, राखी गुलजार, स्मिता पाटिल आदि कलाकारों के साथ काम किया है। उनकी स्मृति में वर्ष 2006 में एक डाक टिकट भी जारी किया गया था।